हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

12 ग्राम शेर का सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों...


12 कोकोभाठा में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की हुई शुरुआत...




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# सूरज लगा रहा कर्फ्यू, भरी दोपहरी में सड़कें हो रही सुनसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सप्ताह भर से जारी सूर्य की तपिश ने लोगों को घरों के भीतर दुबका दिया है। दुपहरी को सूर्यदेव द्वारा लगाए जा रहे अघोषित कर्फ्यू के बीच भी लोग मुंह कान बांधे मजबूरी का हवाला देकर सड़क पर नजर आ रहे हैं। रविवार को 40 और सोमवार को तापमान 41 के आसपास रहा जो बुधवार-गुरुवार को दिन 42-43 तक जा पहुंचा। रात को 11 बजे के बाद ही कूलर पंखे काम कर रहे हैं और सुबह होते ही एक बार फिर धूप तकरीबन आंच में तब्दील हो जा रही है।

मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 48 घंटे तक मध्य छत्तीसगढ़ में दिन के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। गर्मी कहर ढाएगी।

इधर, घरों में गर्मी से बचने के लिए किए सारे इंतजाम फेल नजर आ रहे हैं। दिन में लू के थपेड़ों ने लोगों को हलाकान कर रख दिया है। बढ़ती गर्मी का असर जनजीवन पर भी दिखाई दिया। सोमवार को दोपहर के समय सड़कों पर कम ही लोग दिखे। बाजारों में भी रौनक नहीं थी। सोमवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ा, वैसे ही सूर्यदेव की तपिश भी बढ़ती चली गई। धूप तेज होने पर लोग सुबह से ही चेहरे और सिर पर कपड़ा ढंककर घरों से बाहर निकले। राहगीर गर्मी से बचने के लिए पेड़ या दुकान की छाया में रुककर अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ते दिखे। स्कूल से छुट्टी के बाद बच्चों को घर आने में परेशानी हुई। गर्मी के कारण शीतल पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है।

## भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल, जिले में लगातार बढ़ रहा तापमान

### सूख रहे नलकूप, बांधों में पानी कम

गर्मी बढ़ने के कारण नलकूप भी सूखने लगे हैं। हैंडपंपों में रुक-रुककर पानी आ रहा है। जिन नलकूपों में चार-पांच दिन पहले तक पानी आ रहा था, वे सूख गए हैं। कई नलकूपों में 10-15 मिनट ही पानी आ रहा है। इस कारण पेयजल की समस्या हो गई है। जल जीवन मिशन योजना ने गांवों में को थोड़ी राहत पहुंचाई है। शहर में महानदी जलावर्धन योजना से लोगों को पर्याप्त पानी मिल रहा है। अधिकतर लोगों का यही सहारा है।



### बसों में यात्री हुए परेशान

बसों में भीषण गर्मी से यात्री परेशान हो गए हैं। सवारी भरने के लिए जहां पर बस रुकती है, वहां पांच मिनट भी बस में बैठना मुश्किल हो जाता है। मुसाफिर बेचैन हो जाते हैं। क्योंकि, आसमान से आग बरस रही है। इस कारण एसी बसों में ही भीड़ दिख रही है। कुछ यात्री गर्मी से बचने के लिए शाम के समय पर बसों में सफर कर रहे हैं। कुछ लोग स्वयं के साधन से आवागमन कर रहे हैं। अप्रैल के अंतिम और मई में तेज गर्मी पड़ सकती है।

### बाजार में रौनक खत्म

पिछले कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि बाजार में सुबह 10 बजे तक चहल-पहल दिखाई देती है। इसके बाद आवाजाही बिल्कुल कम हो जाती है। दुकानों में खरीदारी भी प्रभावित हुई है। ग्राहक नहीं आने से दुकानदार भी परेशान हैं। शाम के बाद बाजार में लोगों की आवाजाही दिखती है। अप्रैल की गर्मी ने पिछले कुछ दिनों से लोगों को परेशान कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। तेंदूकोना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी नाथूराम साहू पिता अग्राहिज साहू (62 वर्ष) ग्राम घोघरा के कब्जे से 34 नग देशी प्लेन (रोमियो) शराब कुल मात्रा 6120 एमएल कीमत करीबन 2720 रुपए एवं बाइक को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### जुआ फड़ में छापा, 5 लोगों से साढ़े 22 हजार रुपए, पांच बाइक जब्त

**महासमुंद**। ग्राम नयापारा भलेसर के आम बगीचे में चल रहे जुआ फड़ में कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर 5 लोगों के पास से साढ़े 22 हजार रुपए, मोबाइल और पांच बाइक जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस को 23 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम नयापारा भलेसर आम का बगीचा में जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी की और जुआ खेल रहे तामेश्वर सिन्हा भलेसर, गोविंद कुमार सिन्हा भलेसर, मोहन पटेल भलेसर, मानिकराम नायक पतोरा (फिंगेश्वर) एवं ओंकेश्वर चंद्राकर खैरा को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम 22,500 रुपए, चार नग मोबाईल कीमत 16000 रुपए, पांच मोटर सायकल कुल कीमत 1,12,000 रुपए सहित कुल 1,51,000 रुपये को जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## अपराध : शिशुपाल पर्वत में मिली थी महिला की लाश, तफ्तीश के बाद खुलासा

# पति ही निकला हत्या का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माह भर पहले शिशुपाल पर्वत में मिली महिला की लाश मामले में पुलिस ने तफ्तीश के बाद हत्या के आरोप में पति को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शिशुपाल पर्वत के झरने के नीचे चट्टान में अज्ञात महिला का शव मिला था, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मामले की जांच के बाद बलौदा पुलिस ने प्रथम दृष्टया मृतका के पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार 22 मार्च को सुरेश कुम्हार निवासी अमलीपदर ने सूचना दी थी कि वह पुजारीपाली के अजय बरिहा को खोजने के लिये शिशुपाल पर्वत में झरने के नीचे चट्टान की ओर गए थे। तब वहां झरने के नीचे पत्थर चट्टान में एक अज्ञात महिला का शव दिखाई दिया।

पुलिस ने मर्ग जांच दौरान मृतका खीरबाई के पिता शंकरदास मानिकपुरी पिता कार्तिकदास मानिकपुरी, चतुर्भुज दास मानिकपुरी पिता शंकरदास मानिकपुरी, मां सगना बाई मानिकपुरी पति शंकरदास मानिकपुरी एवं हरिदास मानिकपुरी पिता बालकराम मानिकपुरी से पूछताछ की। जिन्होंने बताया कि करीबन 4 वर्ष पूर्व खीरबाई का विवाह जलपुर के भोजराज मानिकपुरी से हुआ था, विवाह के करीबन 3 साल बाद भोजराज, खीरबाई के साथ मारपीट लड़ाई झगड़ा करता था जिसके डर से खीरबाई अपने मायके आ गयी थी। 6 मार्च को खीरबाई अपने मोटर सायकल से काम करने के लिए सरायपाली जाने निकली और बोली कि शाम को मैं अपने पति भोजराज मानिकपुरी के पास जाउंगी और उन्हीं के साथ रहूंगी। शाम तक वापस नहीं आई। मोबाईल भी बंद बता रहा था। इसके बाद 15 मार्च को थाना सरायपाली में खीरबाई की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करी गई है। पूछताछ के दौरान मृतका के परिजनों ने पूर्ण विश्वास जाहिर किया है कि भोजराज मानिकपुरी ही खीरबाई का हत्या कर फेंक दिया होगा।



परिजनों के द्वारा जाहिर किए गए संदेह के आधार पर मृतका के पति भोजराज मानिकपुरी को थाना बुलाकर पूछताछ करने पर उसने अपने कथन में बताया कि शादी होने के करीब 3 साल बाद खीरबाई मेरे से विवाद कर वापस अपने मायके चली गई थी, बीच-बीच में कभी कभार मुझसे फोन पर बात करती थी। वह खीरबाई से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रखना चाहता था। 7 मार्च को वह सरायपाली अपने व्यक्तिगत काम से सुबह करीब 8 बजे गया था, वहां से काम निपटा कर करीब 10.30 बजे तक वापस अपने गांव जलपुर आ गया था। उसके बाद वह पूरे दिन अपने घर में ही था। खीरबाई से न उसकी मुलाकात हुई और न ही बातचीत हुई है एवं खीरबाई के मृत्यु के संबंध में कोई जानकारी नहीं होना बताया।

### सीडीआर की हुई जांच

पुलिस ने बताया कि मृतका के मोबाईल के सीडीआर अवलोकन करने पर एक अन्य मोबाइल नंबर से भी लगातार बातचीत होना पाया गया। उक्त मोबाइल नंबर के धारक धरमदास मानिकपुरी पिता नेमीचंद मानिकपुरी (21 साल) जलपुर थाना सरायपाली से पूछताछ की गई, जिस पर उसने बताया कि जब खीरबाई जलपुर में रहती थी, उसी दौरान उसके एवं खीरबाई के मध्य प्रेम संबंध बन गया था, जिसकी जानकारी उसके पति को होने पर वह खीरबाई के साथ में मारपीट, विवाद, लड़ाई-झगड़ा करता था। इसी डर से खीरबाई वापस अपने मायके बानीपाली आ गई थी। खीरबाई ने महलपारा सरायपाली में किराये का मकान लिया था, जहां वह भी आना जाना करता था। 7 मार्च के करीब 3-4 दिन पूर्व उसके पति भोजराज मानिकपुरी ने काल कर बातचीत किया था, यह बात खीरबाई ने उसे बताई थी कि उसका पति उसे अपने साथ फिर से रखना चाहता है। धरमदास ने पुलिस को बताया कि 7 मार्च को सुबह मृतका मुझे यह बताकर निकली कि वह अपने पति से मिलने जा रही है।

### मोबाइल लोकेशन से मिला क्लू

पुलिस के अनुसार मृतका खीरबाई के मोबाईल नंबर के सीडीआर का बारीकी से अवलोकन करने पर पता चला कि उसके मोबाईल नंबर पर अंतिम कॉल 7 मार्च को एक अन्य मोबाइल नंबर का सीडीआर एवं कैफ प्राप्त किया गया जो कि मृतका खीरबाई के पति भोजराज मानिकपुरी का ही होना पाया गया। इस दिन भोजराज मानिकपुरी के मोबाईल से 3 बार अलग-अलग समय में कॉल करना एवं अंतिम बार भोजराज मानिकपुरी के मोबाईल नंबर से कॉल करना पाया गया तथा मृतका खीरबाई एवं भोजराज मानिकपुरी दोनों के मोबाइल का टॉवर लोकेशन घटनास्थल शिशुपाल पर्वत के आस-पास का होना पाया गया। वहीं मृतका के पति भोजराज मानिकपुरी के द्वारा दिए गये कथन में पर्याप्त विरोधाभास होने से, परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं संकलित साक्ष्यों के आधार पर संदेही भोजराज मानिकपुरी द्वारा हत्या करना प्रतीत होना पाया गया। जांच के बाद बलौदा थाने में प्रथम दृष्टया संदेही भोजराज मानिकपुरी पिता पंचराम मानिकपुरी (26 साल) निवासी जलपुर थाना सरायपाली के विरुद्ध संदेह के आधार पर धारा 238, 103 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## लोड शेडिंग के नाम पर बिजली कटौती, ग्रामीणों ने घेरा तुमगांव सब स्टेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज़ होकर नेता अमर अरुण चंद्राकर ने ग्रामीणों के साथ तुमगांव सब स्टेशन का घेराव किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोड शेडिंग के नाम पर तुमगांव, सिरपुर क्षेत्र के कई गांवों में जानबूझकर बिजली की कटौती की जा रही है, जो सरासर गलत है। चंद्राकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों को भ्रमित कर लोड शेडिंग का बहाना बनाया जा रहा है।

जबकि, वास्तव में यह अनुचित बिजली कटौती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ग्रामीण जनता के साथ धोखा है और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। घेराव के दौरान स्टेशन में मौजूद अधिकारियों को स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया गया, जिसके बाद कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल की गई है। लेकिन नेता ने चेतावनी दी है कि यदि यह समस्या दोहराई गई, तो आंदोलन और अधिक तेज़ होगा।

## आधी रात मारपीट, तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी कार्यक्रम से लौट रहे युवकों के साथ आधी रात तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामला बिरहाडीपा से पिलवापाली जाने के मार्ग का है। पिथौरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी गणेश यादव निवासी मेमरा ने बताया कि 23 अप्रैल को वह अपने फूफा हीरालाल यादव के गांव कौडियापारा पिलवापाली गया था। जहां सरपंच के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह कौडियापारा पिलवापाली के दोस्त योगेश बरिहा, त्रिलोक बरिहा, बिहारी बरिहा, उत्तम बरिहा एवं उत्तर बरिहा के साथ सभी शादी कार्यक्रम देख वापस लौट रहा था। इसी दौरान बिरहाडीपा से पिलवापाली जाने का रास्ते में महुआ पेड़ के पास रात करीब 2 बजे पहुंचने पर वहां आरोपी रितिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान ने उसके दोस्त योगेश बरिहा को रोक कर गाली गलौज करने लगे। जब उन्हें मना किया तब रितिक ठाकुर ने अपने पास रखे स्टील के पाइप, सोमदेव ठाकुर ने डंडे एवं आशीष चौहान कड़ा से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से बिहारी बरिहा के कमर में, योगेश बरिहा को हाथ मुक्का से मारपीट किया, वहीं ऋतिक ठाकुर, सोमदेव ठाकुर, आशीष चौहान के द्वारा मारपीट करने से प्रार्थी के दाहिने कलाई, सिर, माथे एवं पीठ में चोटे आई है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## महिलाओं से लोन वसूली नहीं किए जाने की मांग, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आटा चक्की लगाने के नाम पर ठगी का शिकार हुईं महिला समूह ने लोन वसूली नहीं करने के लिए कलेक्टर से गुहार लगाई है। वहीं राशि को आरोपी से वापस लेने की मांग की है। जिससे ऋण का भुगतान हो सके। महिला समूह की तृप्ति दुबे ने बताया कि आटा चक्की जैसे लघु उद्योग स्थापित करने का सपना दिखाकर व रोजगार उपलब्ध कराने का लालच देकर महिलाओं को लोन निकलवा कर स्वयं का व्यवसाय कर आत्म निर्भर बनाने का प्रलोभन देकर आरंग शहर की 155 महिलाओं से प्रत्येक महिला को 6 हजार रुपए मानदेय देने का वादा किया। इसके बाद उन्होंने बड़ी संख्या में लघु उद्योग स्थापित करने के लिए महिलाओं को बैंक से 40-40 हजार रुपए का लोन लेने को कहा। महिलाओं ने भरोसा कर बैंक से लोन लिया और पैसा राखी ध्रुव को सौंप दिया। 5 महिलाएं 40-40 हजार रुपए नकद दी है। शुरुआत में कुछ महीने तक आटा चक्की उद्योग चलाकर कुछ महीनों तक तो किश्त जमा की गई, लेकिन बाद में 5 महीने तक किश्त नहीं भरी गई। किस्त नहीं भरने से महिलाओं को ठगी होने का पता चला।



### मानसिक रूप से परेशान

ठगी होने एवं बैंक किस्त की राशि जमा करने के कारण परिवार में आर्थिक क्षति हो रहा है व मानसिक रूप से परेशान हैं। वर्तमान में बैंक किस्त जमा करने में असमर्थ हैं। महिलाओं ने बैंक ऋण लोन की वसूली नहीं करने के लिए बैंक को निर्देशित करने की मांग की।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस : जिले के 60 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारम्भ

# ग्राम पंचायतों की सशक्तीकरण की दिशा में अहम निर्णय : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सभी ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के मधुबनी से वर्चुअल माध्यम से देश को संबोधित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण दोपहर 12:30 बजे सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी वर्चुअल संदेश प्रसारित हुआ। उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र और मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय द्वारा ग्राम पंचायतों को भू जल संरक्षण के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम ग्राम पंचायत घोड़ारी में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगड़े, कलेक्टर विनय लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, जनपद सीईओ बीएस मंडावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जल संरक्षण और भू जल स्तर सुधार के लिए शपथ ली गई।

इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक दूरदर्शी पहल है, जिससे ग्रामीण नागरिकों को अपनी पंचायत में ही आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी, जिससे समय की बचत होगी और अनावश्यक भागदौड़ से छुटकारा मिलेगा। विधायक सिन्हा ने पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पंचायत राज अधिनियम की जानकारी सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों को होनी चाहिए। अब पंचायत में ही महतारी वंदन योजना की राशि निकाल सकते हैं। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से आपका जीवन सहूलियतों से भरा होगा। उन्होंने कहा कि जिनके घर खपरैल का उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा, सभी सर्वे कराएं। शौचालय की भी सुविधा मिलेगी। विकास के कार्यों में कोई कोताही नहीं होगी। सी सी रोड भी स्वीकृति दी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान महतारी वंदन योजना के हितग्राही ज्योति मंडल, पूजा मंडल, भारती चक्रधारी, हंसा चेलक एवं लक्ष्मी बाई गहरे से सीधा संवाद स्थापित किया गया एवं उनके खातों में डिजिटल लेनदेन के माध्यम से सहायता राशि का अंतरण भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच पार्वती बंजारे, आनंद साहू, मुन्ना साहू, राम आश्रय यादव, संदीप घोष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी प्रकार बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकोनी, आंवराडबरी, बागबाहराकला, बकमा, भालूचुंवा, गांजर, कसेकेरा, खमरिया, कोसमर्रा, साल्हेभाठा, सिमगांव, सिवनीकला, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरपाली, कोकोभांठा, अमलीडीह, बम्हनी, बरेकेल, भुरकोनी, बुंदेली, चिखली, खैरखुंटा, लिलेसर, सांकरा एवं टेका में, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेसाजापाली, बंसुला, बाराडोली, भंवरचुवा, बुटीपाली, छोटेपटनी, दुर्गापाली, कोलिहादेवरी, लोहाडीपुर, नौगड़ी, उड़ेला व उमरिया तथा सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सल्डीह, बलोदा, बानीगिरोला, बरिहापाली, बेलमुंडी, बिरकोल, बोंदानवापाली, छुईपाली, कसलबा, केना, पैकिन एवं तोरेसिंहा में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारम्भ किया गया।

इन केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीणों को नगद आहरण, आधार सेवाएं, डिजिलॉकर, ई-गवर्नेंस सेवाएं, दस्तावेज़ प्रिंटिंग और डिजिटल साक्षरता जैसी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यह सुविधा न केवल ग्रामीणों की समय और संसाधनों की बचत करेगी बल्कि उन्हें शहरों जैसी डिजिटल सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगी। आत्मनिर्भर गाँव की दिशा में बड़ा कदम सरकार की यह योजना गांवों के विकास और आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।






### अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारम्भ

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले में प्रथम चरण के तहत 60 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ हुआ। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस सुविधा को प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर ही ग्राम पंचायत के सरपंच और सर्विस प्रदाता वीएलई के माध्यम से समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया है। जिसमें जिले के प्रत्येक जनपद पंचायतों से 12-12 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेकेलकला, बावनकेरा, बोरियाझर, चौकबेड़ा, घोड़ारी, जामपाली, झलप, खट्टा, लाफिनकला, नवागांव, पाली और शेर में डिजिटल सुविधा केंद्र की सेवा प्रारम्भ की गई है।

## खबर संक्षेप

### मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना में दिखाई रुचि

**रायपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बुधवार को मुंबई में शाल्वी हॉस्पिटल्स के निदेशक शनाए विक्रम शाह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने नवा रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को लेकर रुचि जताई। शाल्वी हॉस्पिटल्स की शुरुआत एक 6 बिस्तरों वाले अस्पताल से हुई थी, जो आज 8 राज्यों के 13 शहरों में फैले 16 अस्पतालों के एक विश्वसनीय हेल्थकेयर नेटवर्क में तब्दील हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनका समूह छत्तीसगढ़ को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे निवेश और अधोसंरचना विकास की जानकारी साझा की और शाल्वी ग्रुप की पहल का स्वागत किया।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप का पुनर्गठन

**रायपुर**। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग के 60 सदस्यीय सोशल एक्टीविटी ग्रुप के पुर्नगठन पश्चात इस श्रृंखला की प्रथम बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन में गतिशीलता और आपसी मेल मिलाप हेतु सोशल एक्टीविटी ग्रुप का गठन किया गया है। आशा है इसके पुनर्गठन से संगठन में सक्रियता आयेगी, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को एकजुट होकर संगठन के आगामी कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर 1100 दीपों से महाआरती में सहभागिता की अपील की एवं सर्व सम्मति से नितिन कुमार झा को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का संयोजक चुना गया। इस अवसर रीता तिवारी, कल्पना मिश्रा, कनकलता मिश्रा, सुदर्शन दीक्षित, श्रीकान्त अवस्थी, राघवेन्द्र पाठक आदि उपस्थित रहे।

# बुंदेली जंगल में जहरीले पानी पीने से मादा चीतल की मौत, 1 गिरफ्तार

## वन विभाग की लापरवाही से जंगल में वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतें, हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर, जहरखुरानी से हुई मादा चीतल की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

पिथौरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बुंदेली जंगल में दो दिन पूर्व मादा चीतल की रहस्यमयी मौत के मामले में हरिभूमि की आशंका सही साबित हुई। चीतल की मौत की गुत्थी को सुलझाते हुए वन विभाग की टीम ने 2 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद इस पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया है। इस घटना में ग्राम बुंदेली निवासी आरोपी कदर पिता कन्हाई गोड़ उम्र 53 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

मिली जानकारी अनुसार आरोपी ने अपने खेत में एक छोटा सा गड्ढा बनाकर उसमें सोलर ट्यूबवेल से पानी भरा और उसमें कीटनाशक दवा मिलाकर उसे जानलेवा बना दिया। भीषण गर्मी के चलते पानी की तलाश में भटकती मादा चीतल वहां पहुंची और प्यास बुझाने के लिए जहरीला पानी पीने के बाद उसकी मौत हो गई।

उसी गड्ढे से पानी पीने से एक बैल की भी मौत हो गई। प्रभारी रेंजर सालिकराम डड़सेना ने बताया कि आरोपी के खेत में कोई फसल नहीं लगी थी और यह गड्ढा केवल शिकार के उद्देश्य से तैयार किया गया था बता दें कि इस घटना ने वन विभाग की सतर्कता और निगरानी प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा निगरानी समितियां और फरवाचड़ नियुक्त होते हैं, जिनका कार्य ऐसे अवैध



गतिविधियों पर नजर रखना होता है। इसके बावजूद आरोपी के इस घातक मंसूबे की भनक तक विभाग को नहीं लगी। सबसे गंभीर बात यह है कि बीते एक सप्ताह में इस क्षेत्र में 3 चीतल और 1 जंगली सुअर की मौत हो चुकी है। यह वन्यजीवों के अस्तित्व पर बड़ा खतरा बनता जा रहा है।




### हरिभूमि ने पहले ही जताई थी जहरखुरानी की आशंका

हरिभूमि ने ग्रामीण सूत्रों के आधार पर गुरूवार को ही यह जानकारी प्रकाशित की थी कि मादा चीतल की मौत जहरखुरानी से हुई है। अब वन विभाग की जांच में भी यह बात सिद्ध हो चुकी है, जिससे हरिभूमि की पत्रकारिता की सटीकता पर एक बार फिर मुहर लगी है।

### सिस्टम की विफलता का परिणाम बना मौत का कारण

बुंदेली जंगल में मादा चीतल की मौत ने वन विभाग की निष्क्रियता की परतें खोलकर रख दी हैं। जिस विभाग को जंगल और वन्यजीवों की रक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसकी कार्यशैली सवालों के घेरे में है। एक ओर शिकारी खेत में गड्ढा बनाकर जहरयुक्त पानी से शिकार की साजिश रचता है, वहीं दूसरी ओर विभाग के निगरानी तंत्र पूरी तरह नाकाम साबित होते हैं। यह स्पष्ट करता है कि न तो विभागीय गश्त प्रभावी है और न ही सूचना तंत्र सक्रिय। वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतें केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता का परिणाम हैं।

### वन्यजीवों का जीवन खतरे में

जंगलों में रहने वाले निर्दोष वन्यजीवों का जीवन आज गंभीर खतरे में है। बढ़ती शिकार की घटनाएं, जहरीला पानी और वन विभाग की लापरवाही इन मासूम प्राणियों के अस्तित्व को निगल रही है। न तो उन्हें सुरक्षित पानी मिल पा रहा है, न ही मानव से बचाव का कोई ठोस इंतजाम है। बुंदेली जंगल में मादा चीतल की दर्दनाक मौत इसी खतरे का उदाहरण है, जो बताता है कि यदि अब भी सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में जंगल वीरान और वन्यजीव केवल किताबों तक सीमित रह जाएंगे।

# विवाह मुहूर्त के चलते बाजार में लौटी रौनक, व्यापारियों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

एक महीने के अंतराल के बाद पिथौरा सहित आस-पास के बाजारों में फिर से रौनक लौट आई है। 14 अप्रैल से शुरू हुए विवाह के शुभ मुहूर्तों ने न सिर्फ लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई है, बल्कि बाजार की रफ्तार को भी नई ऊर्जा दे दी है। इस बार विवाह आयोजनों की संख्या में आई बढ़ोतरी का सीधा असर व्यापार पर देखने को मिल रहा है। स्थानीय कपड़ा व्यापारी राजू टुटेजा और नारंग ब्रदर्स ने बताया कि इस विवाह सीजन में कपड़ा व्यवसाय ने जोर पकड़ लिया है। ग्राहकों की भीड़ दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और खासतौर पर लहंगा, शेरवानी, डिजाइनर शूट्स और साड़ियों की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में खरीदार आ रहे हैं, जिससे बाजार में रौनक और उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं सीजन में ज्वेलरी, फर्नीचर, ऑटोमोबाइल, टेंट और कैटरिंग जैसे क्षेत्रों में लाखों रुपये का व्यापार होने की संभावना है। खासकर 30




अप्रैल को अक्षय तृतीया जैसे विशेष पर्व के कारण खरीदारों की संख्या मंक भारी इजाफा देखा जा रहा है।

### सोने के दाम में उछाल, फिर भी ज्वेलरी की जोरदार बिक्री

भले ही सोने की कीमत 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई हो, लेकिन विवाह समारोह में जेवर की परंपरा बरकरार है। स्थानीय ज्वेलर्स के अनुसार ग्राहकों की भीड़ में कोई कमी नहीं आई है, खासकर दूल्हा-दुल्हन के लिए हल्के और डिजाइनर जेवर की मांग में वृद्धि हुई है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं में भी बढ़ी खरीदारी

शादी की तैयारियों के बीच किराना, किचन आइटम्स, गिफ्ट आइटम्स और डेली यूज प्रोडक्ट्स की दुकानों में भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। विवाह सीजन की इस चमक-दमक ने बाजार को फिर से संजीवनी दी है और व्यापारियों को उम्मीद की नई किरण दिखाई है। शादी-ब्याह की इस चहल-पहल ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय संस्कृति में विवाह सिर्फ एक संस्कार नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का बड़ा हिस्सा है।

### ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में भी तेजी

दूल्हा-दुल्हन की बारात और विवाह आयोजन के लिए दुपहिया-चारपहिया वाहनों की बुकिंग बढ़ी है। साथ ही, शादी के गिफ्ट के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की भी जोरदार बिक्री हो रही है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विशेष बैठक बुलाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने के लिए परिषद की बैठक में शामिल करने के लिए 17 अप्रैल को आवेदन दिया गया था।

परिषद की बैठक में निवेदन करने तथा लगभग 20 सदस्यों के समर्थन में हाथ उठाने के बावजूद अध्यक्ष द्वारा चर्चा पर नहीं लेने से आज पुनः नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगर पालिका अधिनियम की धारा 57 के अंतर्गत विशेष सम्मेलन बुलाने की मांग को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी पार्षद गण पवन पटेल (पूर्व अध्यक्ष) नानू भाई (पूर्व उपाध्यक्ष नपा) शुभ्रा शर्मा, जरीना हफिज कुरैशी, माखन पटेल, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, प्रीति बादल मक्कड़, निश्चय पूनम चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाउराम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी ने आवेदन दिया और एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर शीघ्र ही विशेष बैठक बुलाने का आग्रह किया है।

नपाउपाध्यक्ष राठी ने बताया कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ बनाने के लिए यह विधेयक मील का पत्थर साबित होगा। एक राष्ट्र एक चुनाव से समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चो की बचत होगी तथा देश के विकास कार्यो मे निरन्तरता बनी रहेगी इसलिए ऐसे विषय पर तत्काल विशेष बैठक की मांग को स्वीकार करते हुए बैठक बुलाई जाए।

# द्वितीय दिवस अनेक गांवों में पहुंची अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा के दूसरे दिन रथ ने महासमुंद जिले के धरमपुर, तमोरा, धौराभाठा, कुरुभाठा, आमकोनी एवं खमरिया ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान लगभग 300 परिजनों को सत्संकल्प पाठ पत्रक वितरित किए गए तथा 200 से अधिक पैकेट्स में पुरानी अखंड ज्योति पत्रिका, देव स्थापना चित्र, चालीसा पुस्तकें आदि वितरित किए गए। प्रत्येक ग्राम में परिजनों, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से संकल्प पाठ में सहभागिता कर कार्यक्रम को भावपूर्ण बनाया। इस धार्मिक एवं सामाजिक जागरण यात्रा में अनेक समर्पित परिजनों ने सक्रिय योगदान दिया।

रथ यात्रा में ललित मेश्राम, हीरालाल साहू, परस सिंह चौहान, बोध राम साहू, रामचरण पटेल, पिरित राम, अनिल कुमार, ओम प्रकाश, जनक राम, सिंहा शत्रुघन साहू, धनु सिन्हा, धनीराम, चैन सिंह ध्रुव, तुला राम विश्वकर्मा, पुनू राम, सेवा राम (सरपंच, ग्राम तमोरा) आदि सहभागी बने। देवेंद्र चक्रधारी, लखनलाल चक्रधारी, डोमन पटेल, राजेंद्र विश्वकर्मा, मिलन विश्वकर्मा, उर्मिला दीवान, उमेश दीवान (शिक्षक) एवं उनकी धर्मपत्नी का विशेष योगदान रहा। मिलन विश्वकर्मा को लाख उत्पादन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। यह यात्रा अखण्ड ज्योति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही, जिसमें सभी का सहयोग सराहनीय रहा।

### सभापति ने भामाशाह वार्ड का किया भ्रमण

**रायपुर**। सभापति सूर्यकान्त राठौर ने बुधवार को दानवीर भामाशाह वार्ड के खालबाड़ा, कुंदरापारा सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन 2 के अधिकारियों को जलभराव की समस्या दूर करने चेंबरों की की सफाई कर नाले को डायवर्ट करने निर्देश दिये। , इसके साथ ही गुढ़ियारी क्षेत्र की शशिबाला कन्या शला में विकास कार्यों की प्रगति का उन्होंने जायजा लिया। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रुस्तम कुर्रे, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी.डी. धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया उपस्थित रहे।

# बच्चों को संस्कारवान बनाकर संबंधों का आदर करना सिखाएं : आचार्य

**महासमुंद**। जिस परिवार में बेटी की जन्म होती है, वे अत्यंत भाग्यशाली होते हैं। क्योंकि, बेटी दो कुलों को तारती है। पुत्र कुपुत्र हो सकता है, किंतु पुत्री कुपुत्री नहीं हो सकती। आज अधिकतम परिवारों के बच्चे रिश्तों के महत्व नहीं जानते। बड़ों का आदर, सम्मान भूल चुके हैं। इन सबका कारण है, संस्कार की कमी। आज माता-पिता अपने बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की वस्तु बना लिए हैं। दूसरों के देखा-देखी अपने बच्चों को वे हर वह सुख-सुविधा दे रहें, जिसका महत्व वे नहीं समझते। हम अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देकर काबिल तो बना सकते हैं। लेकिन, संस्कारवान नहीं। संस्कार केवल परिवार से ही मिल सकता है। उक्त उद्गार स्थानीय बीटीआई रोड स्थित खैरा बाड़ा में चंद्राकर परिवार द्वारा



आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस भगवताचार्य आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलयारी धाम (चाय वाले बाबा) ने भागवत प्रेमियों को कथा के सुनाते हुए व्यक्त की। भगवताचार्य शास्त्री ने आज भक्तों को कपिल मुनि देव कथा, रवि संवाद, ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत कथा का श्रवण कराया। उन्होंने ब्रम्हा द्वारा सृष्टि की रचना की व्याख्या की। उन्होंने गृहस्थ जीवन के बारे में बताते हुए पति-पत्नी के बीच संबंधों को बताया। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में संयम और मर्यादा अत्यंत आवश्यक है। पति-पत्नी का रिश्ता केवल भोग का साधन नहीं, अपितु भक्ति का माध्यम है। संयमित रहकर प्रभु भक्ति करने से गृहस्थ जीवन जीते हुए भी हमें भगवान का आशीर्वाद व मार्गदर्शन मिलता है। कथा के दौरान कृष्ण भजनों में श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा श्रवण करने उषा कमलनारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर, कृष्णकुमार दामिनी चंद्राकर, सीमा रेखराज चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, कमला, भूषण चंद्राकर, लता-नुकेश चंद्राकर, सती- शिव चंद्राकर, अंजना-राजू चंद्राकर, नेहा सतीश चंद्रवंशी, अरविंद चंद्राकर, साक्षी यश चंद्राकर, अनिल संध्या चंद्राकर, चेतन श्रद्धा चंद्राकर, अनुराग एकता चंद्राकर, सक्षम चंद्राकर, समर्थ, समृद्धि, संस्कृति, स्वर्णा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

# बच्चों में बढ़ते मोटापा के कई कारण हो सकते हैं : नबीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत बच्चों में बढ़ते मोटापे की समस्या को लेकर एवं गर्भवती महिलाओं को दी आहार और पोषण संबंधी विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम ने गांवों में घर-घर जाकर अभिभावकों को जानकारी दी।

आंगनबाड़ी केंद्र रक्सा में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं और महिलाओं के समूहों को संतुलित आहार और पोषण से जुड़ी, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक नबीना टांडिल्य ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि गर्भावस्था के दौरान सही पोषण न केवल मां के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि शिशु के संपूर्ण विकास के लिए भी अत्यंत जरूरी होता है। उन्होंने आयरन, फोलिक एसिड, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का स्वास्थ्य संबंधी भी आवश्यक पोषण संबंधी




परामर्श दिया गया। कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और पोषण संबंधी समस्याओं पर सवाल भी पूछे, जिनका समाधान ने सरल भाषा में दिया।

ग्राम पंचायत पतेरापाली में महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक नबीना टांडिल्य ने बताया कि बच्चों में मोटापे के कई कारण हो सकते हैं। परिवार, दोस्त और स्कूल का माहौल बच्चों की खान-पान और व्यायाम की आदतों को प्रभावित करता है।

उन्होंने कहा कि कई परिवारों में बच्चों को इनाम या सांत्वना के रूप में खाना दिया जाता है। यह आदत आगे चलकर अतिरिक्त खाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। बड़े होने पर इन आदतों को बदलना मुश्किल हो जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुभाषिनी लोहा ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे 0-6 वर्ष के बच्चों का नियमित वजन आंगनबाड़ी केंद्र पर करवाएं।

इससे बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी की जा सकेगी। कार्यक्रम में जनपद सदस्य दीनता सुरेश कुम्हार, सरपंच प्रभात पटेल, पंच जगदीश बरिहा, सुनिता कलेत, सरिता तांडी, रजनी प्रधान, राघनी भृंगराज ग्राम पंचायत पतेरापाली एवं ग्राम पंचायत रक्सा सरपंच प्रतिनिधि दुर्योधन चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महरगी साहू, पदमा भोई, नलिनी प्रधान, रुकनी राणा के साथ ही अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और कई अभिभावक उपस्थित रहे।

## विधिक सलाह एवं सहायता के साथ साथ सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से जनमानस में जागरुकता लाना प्राधिकरण का उद्देश्य : खुशबू

# महिलाओं से संबंधित अपराध तथा अधिकारों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक सेवा पर अधारित जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रबंध कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव आफरीन बानो के मार्गदर्शन पर मचेवा स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में विधिक जागरूकता थीम पर अधारित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कानून के विभिन्न विशयों पर अधारित सामान्य कानूनी शिक्षा के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट खुशबू जैन द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिलाओं एवं बालकों से संबंधित होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों एवं अधिकारों से संबंधित चर्चा कर कानूनी जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा न्यायिक मजिस्ट्रेट खुशबू जैन द्वारा नालसा द्वारा संचालित योजनाओं तथा विधिक जागरूकता पर अधारित विषयों पर सामूहिक चर्चा करते हुए छात्राओं के उत्सुक विचारों पर प्रश्न जवाब-तलब माध्यम से सरल व सहजता पूर्ण भाषाओं के माध्यम से विधिक



जागरूकता पर अधारित जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे, समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियत पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशो को कार्य रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाए प्रदान कराना होता है। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षिका चित्ररेखा तारक खांडे उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## खल्लारी में 51 कुंडीय वैदिक महायज्ञ हुआ

**महासमुंद।** सनातन योग वेलनेस फाउंडेशन द्वारा आयोजित 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ हुआ। समापन योग यज्ञ एवं स्वस्थ उपदेश के साथ नियमित योग पाक्षित यज्ञ के दिव्य प्रेरणा के साथ सनातन के लिए संगठित एवं राष्ट्र हित के कार्यों के संकल्प के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति हुई। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए टीम के कार्यकारिणी जिला संयोजक रमन वैष्णव, तहसील संयोजक मदन साहू, जिला योग समन्वयक देवेंद्र दीवान, तहसील कृषि एवं गौ से प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हीरालाल चंद्राकर एवं ग्राम के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, ग्राम के उपसरपंच तारेश साहू का एवं विशिष्ट सहयोग के लिए जिलाध्यक्ष धर्मश्व एवं संस्कृति रक्षा पूरन शबर का आर्य प्रकाश चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

### रोष : लोगों ने एक स्वर में कहा- यह कायराना करतूत

# आतंकी हमले में दिवंगत सभी नागरिकों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




नगर के जय स्तंभ चौक पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारी संघ, युवा संगठन व नागरिकगणों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की है। हमले में हुए सभी दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घृणित कृत्य में अपने प्रिय जन खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमला कायराना और अमानवीय कृत्य है। इसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई है। आतंकवाद के खिलाफ हमारा देश एकजुट है, आतंकवादियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोई भी साजिश कभी कामयाब नहीं होगी। हमले में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

यह घटना पहलगाम में मंगलवार दोपहर 26 सैलानियों को चुन-चुनकर भून डाला। हमले में 20 से ज्यादा सैलानी घायल हो गए। आतंकियों ने लगभग 40 पर्यटकों के एक समूह को घेर लिया और अचानक उन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। अचानक हुई इस गोलीबारी से शांत घाटी में चीखें गूंज उठी। हर तरफ लोग भाग रहे थे, आतंकियों की गोलियों से खुद को बचाने की कोशिश कर थे। कुछ मिनट पहले जहां माहौल खुशनुमा था, वह हर तरफ मौत का भयावह मंजर देखने को मिला। घायलों के परिजन लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे, जहां दर्जनों पर्यटक खून से लथपथ पड़े हुए थे। आतंकी सेना की वर्दी में आए और पर्यटकों से परिचय-पत्र मांगना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने पर्यटकों का मजहब जानकर और उन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। जब तक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचते, आतंकी कई पर्यटकों की हत्या कर पहाड़ियों की तरफ भाग गए।

### कहां पर हुआ हमला, पेड़ों के पीछे छिपकर बचाई जान

श्रीनगर से 90 किलोमीटर की दूरी पर है पहलगाम। यहां से छह किलोमीटर दूर है बायसरन घाटी, जहां पहुंचने में 30 मिनट का वक्त लगता है। इस जगह को मिनी स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। यहां घास के मैदान हैं। एक तरफ देवदार के घने जंगल हैं। यहां पर्यटक तुलियन झील तक ट्रैकिंग करने के लिए भी आते हैं। यहां पैदल रास्ते या खच्चरों पर बैठकर ही आसानी से पहुंचा जा सकता है, यहीं पर हमला हुआ। यहां अलग-अलग राज्यों के पर्यटक और विदेशी सैलानी मौजूद थे। घटनास्थल पर खानपान के कुछ ठिकाने बने हुए हैं। कुछ पर्यटक वहां भेलपुरी खा रहे थे। कुछ पर्यटक खच्चरों के जरिए आवाजाही कर रहे थे। कुछ मैदान में बैठकर पिकनिक कर रहे थे। हमले के वक्त पर्यटकों ने पेड़ों के पीछे जाकर अपनी जान बचाई।

# आम जनता के हिस्से की बिजली उद्योगों को बेच रही भाजपा सरकार

### लगातार बिजली कटौती से किसान परेशान, सूखने लगे हैं खेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ निःशुल्क बताकर स्मार्ट मीटर लगाया, अब उपभोक्ताओं से वसूली की

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा से न तो सरकार संभल पा रही है और न ही प्रदेश की व्यवस्थाएं। भाजपा सरकार प्रदेश में बिजली पूर्ति नहीं कर पा रही है। यह सरकार आम जनता के हिस्से की बिजली काटकर बड़े उद्योगपतियों को बेच रही है। इसके लिए ग्रामीण अंचल के साथ-साथ शहरी इलाकों में लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में रबी धान फसल लेने वाले किसानों की चिंता बिजली कटौती ने बढ़ा दी है। अनेक ऐसे किसान हैं जो कर्ज लेकर रबी धान फसल लगाए हैं, वर्तमान में धान में बाली आना शुरू हो गया है, कहीं-कहीं गंभीर स्थिति में है। ऐसे में धान को पानी की सख्त आवश्यकता है। लेकिन, लगातार बिजली कटौती के चलते फसल बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गई है।

चंद्राकर ने कहा कि सुशासन की ढोल पीटने वाली भाजपा की सरकार लगातार जनता को छलने का काम कर रही है। प्रदेश के किसानों सहित आम उपभोक्ताओं को भी अब बिजली विभाग द्वारा बड़ा झटका देने की तैयारी की जा रही है। स्मार्ट मीटर को निःशुल्क बताकर इसे अनिवार्य रूप से लगाने की बात कही गई। लेकिन, अब स्मार्ट मीटर की वसूली जनता से करने की तैयारी हो रही है। इसके लिए वितरण कंपनी प्रबंधन की ओर से विद्युत नियामक आयोग में रिवाइज पिटिशन दाखिल किया गया है। इसमें स्मार्ट मीटर सरचार्ज के नाम पर 367 करोड़ रुपए की मांग करते हुए नए टैरिफ में जोड़ने की बात कही गई है। जिसकी वसूली आम उपभोक्ताओं से करने की तैयारी सरकार कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के 5 साल के कार्यकाल में कभी आम उपभोक्ताओं व किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला गया। वहीं, हाफ बिजली बिल योजना का लाभ देकर आम जनता को राहत प्रदान की गई। वर्तमान में भारी भरकम बिजली बिल भेजा जा रहा है। गरीब तबके के लोग बिल देखकर चिंता में पड़ गए हैं। अनेक उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका प्रतिमाह बिजली बिल 200 से 250 रुपए आता था। लेकिन, पिछले माह मार्च में ही इन उपभोक्ताओं को 1500 से 1700 रुपए का बिजली बिल थमा दिया गया है। रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले गरीब तबके के लोग भारी भरकम बिल देखकर चिंता में पड़ गए हैं।



## स्काउट्स गाइड्स ने शुरू की पशु पक्षियों के लिए सेवा अभियान

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स महासमुंद द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पशु पक्षियों के लिए खाने पीने की व्यवस्था का अभियान प्रारंभ किया गया है। जिले के कब बुलबुल, स्काउट-गाइड, रोवर, रेंजर अपने घर, गली मोहल्ले के साथ विद्यालय में भी पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था कर रहे है। घर की छतों और पेड़ों पर दाना पानी के लिए पात्र रखे जा रहे हैं। पक्षियों के लिए घोंसले बनाए जा रहे हैं और जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है। गर्मी के मौसम में जब पशु पक्षियों के लिए जल और आश्रय की उपलब्धता कठिन हो जाती है, तब इस प्रकार की पहल न केवल उनके जीवन के लिए सहायक सिद्ध होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होती है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त ने निर्देश जारी किया कि पूरे ग्रीष्म ऋतु में यह सेवा कार्य किया जाएगा। इस सेवा कार्य में लीडर्स भी अपना सहयोग दे रहे हैं। शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला महासमुंद के स्काउट्स गाइड्स ने यूनिट लीडर लीनू चंद्राकर के मार्गदर्शन में विद्यालय में चल रहे निशुल्क समर क्लास में पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए पात्र तैयार किया। इसमें विद्यालय के वृंदा सावरा, डिगेश्वरी, सुमित्रा, हरगुन, कीर्ति, अंकित, गौरव स्काउट गाइड्स ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# खपराखोल जंगल में करंट बिछाकर किया जंगली सुअर का शिकार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खपराखोल के जंगल में करंट फैलाकर जंगली सुअर का अवैध शिकार करने के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50 और 51 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है। प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डडसेना ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगल से लगे खेतों में करंट फैलाकर जंगली जानवरों का शिकार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि ग्राम खपराखोल निवासी भारत पिता तुलाराम जाति तेली एवं यशवंत पिता नरेश ठाकुर एवं अन्य ने खेत में नंगे बिजली के तार बिछाए थे और उनमें विद्युत करंट प्रवाहित कर दिया गया। इसी करंट की चपेट में आकर एक जंगली सूअर की मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया, जबकि इस अवैध शिकार कांड में संलिप्त अन्य आरोपी अब भी फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है। गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र पिथौरा में पिछले एक सप्ताह के भीतर गिरना, बुंदेली, भिथीडीह और खपराखोल के जंगलों में कुल तीन चीतल और एक जंगली सुअर की मौत हो चुकी है।

## दाबपाली स्कूल में हुआ सम्मान समारोह



**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में प्रयास विद्यालय में चयनित पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान मोमेंटो देकर किया गया। कक्षा 8वीं के छात्रों को पेन एवं गिफ्ट देकर सभी बच्चों का सम्मान के साथ विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच गेस पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादेवी मां सरस्वती की छाया चित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर की गई। इसके बाद अतिथि स्वागत वंदन हुआ। गुरुदत्त पटेल संकुल समन्वयक खुसरूपाली, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल एसएल दीवान, प्राथमिक प्रधान पाठक दीवान आदि मौजूद रहे।


# प्राकट्य दिवस पर 2 को जुटेंगे प्रदेशभर के गोस्वामीजन

### महादेवघाट में गोस्वामी समाज का महासम्मेलन, होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज की प्रांतीय इकाई द्वारा बैशाख शुक्ल पंचमी तिथि तदनुसार 2 मई को महादेवघाट रायपुर में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेशभर से गोस्वामीजन बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि के कुशल नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम के विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के संस्थापक एवं नीति निर्धारण समिति के सदस्य रमन गिरी करेंगे। रायपुर नगर पालिका का निगम की महापौर मीनल चौबे अति विशिष्ट अतिथि होंगे। समाज के महंतगण, संस्थापक सदस्य ओंकार पुरी, संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी, पार्षदद्वय महेंद्र औसर व आशु चंद्रवंशी, भगवताचार्य सुरेंद्र पुरी विशेष अतिथि होंगे।

कार्यक्रम के संयोजक संजय पुरी व सह संयोजक बद्री पुरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सनातन संस्कृति के संवाहक शंकराचार्य की पूजा अर्चना के साथ होगा। प्रदेशभर से आए गोस्वामी जनों द्वारा सनातन संस्कृति के प्रतीक भगवा ध्वज लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर सामूहिक भोज के उपरांत दोपहर 1.30 बजे से मंचीय कार्यक्रम का प्रारंभ होगा। देश में चार मठों की स्थापना करने वाले आदि जगद्गुरु के जीवन दर्शन पर व्याख्यान, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, महासचिव भूपेंद्र पुरी, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ पुरी गोसाईं व पोखराज बन के मार्गदर्शन व विष्णु गिरि, घनश्याम पुरी के संयोजक में रायपुर जिला को आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है।



प्रांतीय उपाध्यक्ष रामकुमार पुरी, प्रहलाद गिरि, केशव गिरि, धर्मेंद्र प्रकाश गिरि, गुमान पुरी, घनश्याम गिरि, सहसचिव मनीष बन, हरीश गिरि, प्रचार सचिव कामेश्वर पुरी, सुशील पुरी, संगठन सचिव मदन गिरि, जागेश्वर बन, उमेश गिरि, गिरीश पुरी गोसाईं, इंद्रजीत भारती, सदस्य चंदू गिरि, राम पुरी, पंकज गिरि, डोमन पुरी देवेंद्र गिरि, अजय गिरि, कमलेश भारती, आकाश गिरि, अविनाश गिरि, मातृशक्ति प्रकोष्ठ के शारदा गोस्वामी, उषाकिरण गोस्वामी, मोहिनी गोस्वामी, हीना गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, संगीता गोस्वामी, सुधा गोस्वामी सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष काशी पुरी कुंदन गरियाबंद, होरेंद्र गिरि कांकेर, भोज गिरि रायगढ़, घासी गिरि कोरबा, धनराज पुरी दुर्ग, तोषण गिरि महासमुंद, शैलेंद्र गिरि जांजगीर-चांपा, दुष्यंत गिरि बालोद, पंकज गिरि, पप्पू जनार्दन मुंगेली, बेमेतरा, कांकेर, जगदलपुर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा के पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। उक्ताशय की जानकारी प्रांतीय प्रचार सचिव कामेश्वर पुरी ने दी।

# अलग-अलग रेंज में दो दल के पांच हाथी कर रहे विचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

सिकासेर तथा चंदा हाथी दल के पांच हाथी जिले के दो अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को चंदा दल के दो दंतैल एमई 2, एमई 3 ने ग्राम आलेखुंटा गांव के खेतों को पार करते हुए कक्ष क्र. 69 पारधी के जंगल में प्रवेश किया। इसके बाद दोनों हाथी पारधी बीट से केरेगांव के कक्ष क्र. 66 में प्रवेश किया फिर शाम 6 बजे के करीब ग्राम केंवराडीह के पास भारतमाला 6 लेन को क्रॉस किया है। हाथियों के लोकेशन को देखते हुए धनबुड़ा, पाहंदा, देवगांव, झाझरकेरा, आलूचुवा, सरगी, सोनेवारा, राजपुर, केंवराडीह को अलर्ट किया गया है।

**न्यायालय उप तहसील पटेवा जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

प्रकरण क्रमांक- अ-6-अ/2024-25
ग्राम- बंदोरा प.ह.न. 09
रा.नि.मं.पटेवा

// ईश्तहार//

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी बंदोरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चैनसिंह बरिहा पिता लट्टीराम जाति बिंझवार निवासी ग्राम बंदोरा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. सिरपुर तह. व जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बंदोरा स्थित भूमि ख.नं. 210 रकबा 0.29 हैं. भूमि आवेदक के व्दारा पंजीकृत बैनामा पत्र दिनांक 19.09.2018 को विक्रेता सुरेश कुमार पटेल पिता प्यारेलाल पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम बंदोरा से कय किया गया है। उक्त भूमि का नामांतरण क्रमांक 11 आदेश दिनांक 06.06.2019 अंकित है। उक्त भूमि वर्तमान में ऑनलाईन रिकार्ड में विक्रेता सुरेश कुमार पटेल पिता प्यारेलाल का नाम दर्ज है। जिसे विलोपित कर समस्त राजस्व रिकार्ड एवं ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक के नाम से सुधार किये जाने इस न्यायालय में पंजीकृत बैनामा, नामांतरण पंजी की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर दावा हो तो वह पेशी दिनांक 05/05/2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उजर दावा पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर कोई सुनवाई नहीं होगा। आज दिनांक - 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर

नायब तहसीलद्वार पटेवा, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एजेन्सी देना है

हरिभूमि

हरिभूमि समाचार पत्र महासमुंद जिला के अंतर्गत
झलप, छिलपावन
में संवाददाता नियुक्ति करना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
स्वयं का वाहन, शिक्षा 12वीं से स्नातक

संपर्क - हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969



## नपाध्यक्ष की निधि से हुआ बोर खनन का कार्य

**बागबाहरा।** वार्ड क्रमांक 09 में अध्यक्ष निधि से बोर खनन का कार्य गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल के हाथों हुआ। नपा अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने कहा कि शहर में वाटर लेवल गिरने के कारण जल आपूर्ति में परेशानी हो रही है और पानी की टंकियाँ भर नहीं पा रही थीं। जनता की मांग को देखते हुए अध्यक्ष निधि से बोर खनन का कार्य किया जा रहा है, जिससे पानी से होने वाली समस्याओं वजह से मोहल्ले के निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस बोर खनन से पानी की समस्या से वार्ड वासियों पानी निजात मिलेगी। उन्होंने नगर की सभी जनता से अपील कि है कि जल का संरक्षण करना अतिआवश्यक है। गिरते जल को देखते हुए पानी को बचाना जरूरी है। इस अवसर पर वार्ड 07 की पार्षद मंता यादव, वार्ड 09 के पार्षद मिथुन अमीर, लोकेश उइके एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हाईस्कूल रोहिना का परीक्षा परिणाम घोषित नवमीं में दिव्या प्रथम एवं खुशबू रही द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय हाई स्कूल रोहिना में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच धनुर्जय मरकाम थे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ढूटीकोना प्राचार्य श्याम कुमार भोई, प्रभारी प्रधान पाठक अनिल पटेल, शिक्षिका चित्रा पटेल, महावीर भोई थे।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों का मुंह मीठा कर अंकसूची प्रदान की गई। प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने बताया कि कक्षा 9वीं का परिणाम इस साल भी शतप्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम दिव्या राणा पिता तुलाराम राणा 7583 प्रतिशत, द्वितीय खुशबू यादव पिता नेपाल यादव 7567, तृतीय स्थान अनिल ओगरे पिता राजू ओगरे 71 प्रतिशत ने हासिल की। पांच छात्र प्रथम श्रेणी में एवं पांच छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सरपंच धनुर्जय मरकाम एवं एसएमडीसी अध्यक्ष नेपाल साहू ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सफलता पूर्वक कर संपन्न कराने के लिए संस्था प्रमुख अजय कुमार जायसवाल एवं व्याख्याता कमलेश साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह ज्ञातव्य हो कि सत्र 2022-23 में दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत आने पर कलेक्टर महासमुंद द्वारा एवं 2023-24 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल द्वारा संस्था प्रमुख अजय जायसवाल को सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर व्याख्याता क्रांति कुमार साहू, संजय नंद, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, लिपिक लीला पटेल, सियाराम साहू, कन्हैया बरिहा, नवीन बेहरा आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हेमंत 87 प्रतिशत पाकर कक्षा नवमी में रहे प्रथम

**बसना।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल बसना का हिंदी माध्यम संकाय के नवमी कक्षा का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कुल 115 छात्रों में से बंसुला ग्राम निवासी रूपानंद साव एवं कुंजलता साव (मोहिनी) के अनुज पुत्र होनहार विद्यार्थी हेमंत कुमार साव ने कक्षा नवमी में सबसे अधिक 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेमंत ने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन में अच्छी शिक्षा प्राप्त किया।

### पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह 26 पर्यटकों की हत्या की है, वह अत्यंत निंदनीय तथा कायराना कृत्य है। रामेंद्र प्रकाश गिरि ने कहा कि कश्मीर की संपूर्ण आर्थिक व्यवस्था पर्यटन पर टिकी हुई है, परंतु पहलगाम की घटना से ना सिर्फ कश्मीर में पर्यटन उद्योग प्रभावित होगा अपितु दो समुदायों के बीच अविश्वास की भावना पनपेगी, जो अच्छा नहीं है। इस अवसर पर विजय पुरी, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, शुभम भारती ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त किया है कि भारत सरकार बहुत जल्दी इस घटना का बदला लेते हुए कश्मीर घाटी को आतंक मुक्त करेगी।

**सुविधा :** रंग रोगन और चित्रकलाओं से आंगनबाड़ी केंद्र को मिला नया स्वरूप

# ग्राम शेर का सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों को कर रहा आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा उनके संवैधानिक हितों की संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए महिला बाल विकास विभाग का गठन किया गया है।

शासन के इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए जिला महासमुंद में एकीकृत बाल विकास परियोजना महासमुंद ग्रामीण के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शेर कमांक 1 ग्राम शेर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू एवं सहायिका सावित्री साहू द्वारा गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जा रहा है। यहां का आंगनबाड़ी एक मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में उभरा है। दीवारों में नए रंग रोगन और चित्रकलाओं से यह बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सभी बच्चे नियमित




आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं, जिससे पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा का भी लाभ मिल रहा है। इस आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती-3, धात्री 4, 06 माह से 03 वर्ष के बच्चे 18, 03 से 06 वर्ष के बच्चे 25 एवं किशोरी बालिका-15 दर्ज हैं।

कार्यकर्ता पुष्पा साहू एवं सहायिका द्वारा पालकों को स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा गृहभेंट एवं समुदाय आधारित कार्यक्रम (सुपोषण चौपाल) एवं व्हीएचएसएनडी दिवस में दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में वर्तमान में गंभीर कुपोषित एवं सैम बच्चे नहीं है। कार्यकर्ता द्वारा शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा खेल खेल के माध्यम से दिया जा रहा है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रचार किया जा रहा है, जिससे विभिन्न योजनाओं नोनी सुरक्षा योजना में 100 प्रतिशत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 100 प्रतिशत, सुकन्या समृद्धि योजना में 84 प्रतिशत, महतारी वंदन योजना में 100 प्रतिशत एवं केंद्र में टीएचआर वितरण अंतर्गत समस्त दर्ज 40 हितग्राहियों का फोटो कैप्चर, ई केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत टीवी और आर.ओ. एवं तथा अन्य सामग्री भी प्रदाय किया गया है, जिससे बच्चों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और शिक्षाप्रद वातावरण बना है। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका द्वारा आंगनबाडी केंद्र को साफ सुथरा व्यवस्थित एवं आकर्षक तरीके से रखा गया है जो बच्चों को पालकों का ध्यान आंगनबाड़ी केंद्र की ओर आकर्षित करता है। यह केंद्र न केवल बच्चों के लिए प्रेरणा है बल्कि अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए एक रोल मॉडल भी बन चुका है।

## सांकरा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

- डिजिटल सेवाओं के माध्यम से ग्रामीणों को मिलेगा सुविधाओं का लाभ

ग्राम पंचायत सांकरा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के माध्यम से अब ग्रामीणों को बैंकिंग, इंश्योरेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट सहित अन्य चॉइस सेंटर से जुड़ी विभिन्न डिजिटल सेवाएं एक ही स्थान पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी।

इस सेवा केंद्र के संचालन के लिए वीएलई प्रसन्न कुमार प्रधान, चंद्रभूषण चौहान एवं वेद प्रकाश यादव की विशेष भूमिका रही। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को सीएससी चॉइस और केंद्र से मिलने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। यह अटल डिजिटल सेवा केंद्र डिजिटल इंडिया अभियान को ग्रामीण स्तर तक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा ने की। जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, कंवलजीत सिंह छाबड़ा, उद्धव ख़मारी, पंच विजय चौधरी, नीरज चौधरी, गजेंद्र कुंजाम, झुमक सिंह नेताम सहित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन इस अवसर पर उपस्थित रहे।



### उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मान

**महासमुंद।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में समस्त सनातन योग वेलनेस फाऊण्डेशन परिवार बागबाहरा खंड द्वारा 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन माता राऊर प्रांगण में किया गया। जिसमें जिला स्तरीय योग सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ। जहां विभिन्न क्षेत्र से सेवा भावी अनेक लोगों का विशेष योगदान व उत्कृट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू को कामधेनु (गौ-सेवा) सम्मान से सम्मानित किया गया।

## कोकोभाठा में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की हुई शुरुआत जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ग्राम पंचायत कोकोभाठा में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सभापति जिला पंचायत रामदुलारी सीताराम सिन्हा, जनपद पंचायत पिथौरा के उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, सरपंच जमुना पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में सभापति जिला पंचायत रामदुलारी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि इस डिजिटल केंद्र के माध्यम से अब ग्रामवासियों को नगद आहरण, बैंकिंग सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, खसरा बी 1, पैन कार्ड, जन्म एवं



मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी अनेक आवश्यक सेवाएं अपने ही पंचायत भवन में सहज रूप से प्राप्त हो सकेंगी। यह पहल ग्रामीणों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने कहा कि पिथौरा ब्लॉक की 12 पंचायतों को डिजिटल सुविधा केंद्र से जोड़ा जा रहा है, जिसमें कोकोभाठा पंचायत भी शामिल है। इससे ग्रामीणों को अब छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहर या अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर जल संरक्षण को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शपथ भी ली, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक प्रेरणादायी कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के संचालक टेकराम निर्मलकर, पंचायत प्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ कार्यक्रम शामिल हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा, ग्रामीणों ने बताई पेजयल की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत क्षेत्र अंकोरी अंतर्गत ग्राम बिरसिंगपाली एवं परगला (पलसापाली) में आयोजित चैतन्य महाप्रभु के अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में जनपद पंचायत बसना सभापति प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, विकास और खुशहाली की कामना की।

जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ आदि अनादि काल से पूर्वजों रीति रिवाजों से चलता आ रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम नाम तन मन को प्रफुल्लित कर देने वाले हरिनाम का जाप है। सोलह नामों तथा बत्तीस वर्णों से युक्त हरे राम



हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र का कीर्तन ही कलियुग में जीवों के उद्धार का एकमात्र उपाय है। कलियुग में केवल हरिनाम के जाप से ही उद्धार हो सकता है। कलियुग में इस महामंत्र का संकीर्तन करने मात्र से प्राणी मुक्ति के अधिकारी बन सकते हैं। कलियुग में भगवान की प्राप्ति का सबसे सरल साधन हरि का नाम-जप करना है। अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में अनेक कीर्तन मण्डलीय शामिल होकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रकाश सिन्हा ने ग्रामवासियों के साथ भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। दोनों ग्राम के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या के लिए बोर खनन की मांग और परगला (पलसापाली) तालाब में पचरी निर्माण करने की मांग की गई। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य राजेन्द्र डड़सेना, महेंद्र प्रधान, कौशल सिन्हा, पत्रकार आरके दास, सुखदेव वैष्णव, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि बीरू यादव, पुष्पा भोई, डॉ ओमेश, जुगेश्वर बाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## सेजेस में सुशासन दिवस पर हुई रंगोली प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव में प्राचार्य लंकेश कुरील के नेतृत्व में विद्यालय में सुशासन दिवस पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कला के माध्यम से महतारी वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान कृषि योजना बनाकर रंगोली प्रदर्शित किया। जिसमें मंजूषा, चंद्रप्रभा, तारिका, तेजस्विनी, डिगेश्वरी, नीतू, तुलसी, रितुशा, रोशनी, डिम्पल, द्रोणाचार्य आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही साथ मोर आवास मोर अधिकार विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी कराया गया, जिसमें शिखा साहू एवं गीतिका साहू ने भाग लिया। शासन के विभिन्न योजनाओं को रंगोली एवं निबंध के माध्यम से जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एल कुरील, आईएल साहू, धीवर, पवन डडसेना, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, ज्योति सिंह, सिद्धांत गायगौरे, नवीन दास, सत्यम पांडेय, सागर झा, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, वेनिका लकड़ा, भारती भार्गव, तरूण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, लोकेश साहू, सोनाली साहू, चेतना फेकर आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर पूजन का आयोजन

## वल्लभाचार्य भक्ति मार्ग से ज्ञान प्राप्त करने के पक्षधर थेः अमृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में 24 अप्रैल 2025 को करुणा दुबे प्राचार्य के निर्देशन, अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी समिति, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष अलुमनी समिति, डॉ रीता पांडेय संयोजक एवं



डॉ. मालती तिवारी सहसंयोजक के संयोजन में अलुमनी समिति द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती पर पूजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि महाप्रभु वल्लभाचार्य पुष्टिमार्ग के जनक माने जाते हैं एवं कृष्ण के उपासक थे। महाविद्यालय में महाप्रभु वल्लभाचार्य विराजित है, जो विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। अध्यक्ष अमृत चोपड़ा ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली चंपारण्य छत्तीसगढ़ में है और हमारा महाविद्यालय महाप्रभु वल्लभाचार्य के नाम से है। महाप्रभु वल्लभाचार्य भक्ति मार्ग से ज्ञान प्राप्त करने के पक्षधर थे, उनका मानना था कि भक्ति ईश्वर के अनुग्रह एवं कृपा से आएगा। पूजन पश्चात अमृत चोपड़ा, राजकुमार राठौर, दाऊलाल चंद्राकर एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले मे अपने प्रियजन को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

पूजन कार्यक्रम में अलुमनी समिति के पदाधिकारी राजकुमार राठौर उपाध्यक्ष, सचिव डॉ. दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, गुलाब सेन एवं महाविद्यालय में कार्यरत अलुमनी सदस्यों एसआर रात्रे, मनोज शर्मा, गेश्वर दीवान, डॉ. जीवन चंद्राकर, परवीन करीम, डॉ. जागृति चंद्राकर, मुकेश, विजय, कपिल, रोहित, चितेश्वरी, प्रकाशमणि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. ईपी चेलक, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ आरके अग्रवाल, प्रदीप कन्हेर, मनीराम धीवर, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती सेठ, दिलीप बढ़ई, डॉ अजय कुमार देवांगन, मुकेश साहू, वेद देवांगन आदि मौजूद रहे।

### वन अधिकार पत्र से मिली जमीन से उग्रसेन की जिंदगी ने ली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित वन अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 के अंतर्गत बसना विकासखंड के ग्राम कुदारीबाहरा के निवासी उग्रसेन को 1.029 हेक्टेयर भूमि पर व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किया गया। यह केवल एक दस्तावेज़ नहीं था, बल्कि उनके सपनों को पंख देने वाली चाबी बन गया।



कभी अपने परिवार की बुनियादी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करने वाले उग्रसेन, आज एक सफल और आत्मनिर्भर किसान के रूप में अपनी नई पहचान बना चुके हैं। इस अधिकार पत्र ने न केवल उनकी ज़मीन को वैधानिक मान्यता दी, बल्कि उनके जीवन की दिशा और दशा दोनों ही बदल दी। भूमि के स्वामित्व के साथ ही उग्रसेन ने खेती की ओर रुख किया। वर्ष 2023-24 में उन्होंने धान की खेती की, जिससे लगभग 2 लाख रुपये की आय अर्जित की। इस आय से उन्होंने अपनी जमीन पर बोरवेल खुदवाया, जिससे सिंचाई की सुविधा बेहतर हुई। अब वे धान के साथ-साथ मूंगफली, बैंगन, और गोभी जैसी फसलें भी उगा रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में लगातार इज़ाफा हो रहा है। खेती से मिली इस सफलता ने न केवल उग्रसेन की आर्थिक स्थिति को सुधारा, बल्कि उनके पूरे परिवार को भी सशक्त बनाया। उन्होंने अपनी आय का उपयोग बच्चे की शादी और पारिवारिक ज़रूरतों को पूरा करने में किया। उनका आत्मविश्वास अब पहले से कहीं अधिक है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित यह योजना गरीब, वंचित और आदिवासी समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरी है। वन अधिकार अधिनियम 2006 का यह सफल क्रियान्वयन न केवल उग्रसेन को एक सशक्त किसान बनने में मदद कर रहा है, बल्कि उनके परिवार का भविष्य भी सुरक्षित कर रहा है।

## भोरिंग से अछोली तक सड़क निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा नेता तुषार साहू ने मंत्री अरूण साव से की मुलाकात

भाजपा नेता तुषार साहू ने लोक निर्माण विभाग व उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपकर भोरिंग से अछोली तक सड़क निर्माण कराने की मांग की है। तुषार ने कहा कि भोरिंग से अछोली को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है।



अछोली में माइन्स पत्थर परिवहन के चलते सड़क पर गड्ढे और धूल का गुबार ही नजर आ रहा है। कई साल पहले भोरिंग से अछोली, अमावस, बेलटुकरी, अछोली तक सड़क का निर्माण किया गया था। पत्थर परिवहन कर रहे ट्रकों के चलते पूरी सड़क उखड़ गई है। अब स्थिति यह है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों का पैदल चलना तक दूभर हो चुका है। उन्होंने भोरिंग से अछोली तक सड़क निर्माण की मांग की।

